scn news india

मध्य प्रदेश का यूनिक और इनोवेटिव डिजिटल मीडिया

लाइव देखने के लिए यहाँ क्लिक करे

CHINDWARA

खबर का असर -प्रधान मंत्री जन मन योजना की समीक्षा करने हर्रई विकास खण्ड के चिलक पहुचे जिलाधीश

August 25, 2024 scnnewsindia.com

Scn News India

विशाल भौरासे

कान की मशीन कितने कि

hear.com अधि

प्रधान मंत्री जन मन योजना की समीक्षा करने हर्रई विकास खण्ड के चिलक पहुचे जिलाधीश

भारिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दिनेश अंगरिया भी रहे मोजूद

छिंदवाड़ा कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने पीएम जनमन योजना 2.0 के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन के लिये आज जिले के विकासखंड हर्रई के दूरस्थ ग्राम पंचायत चिलक का दौरा किया भारिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री) दिनेश अंगारिया, अध्यक्षता में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि सभी बंधुओ को प्रत्येक शासकीय योजनाओं का लाभ दिया जायेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री जन मन योजना को विशेष पिछड़ी जनजातियों के कल्याण के लिए प्रधान मंत्री जी की एक दूरदर्शी पहल बताया। उन्होंने इस योजना के तहत जिले के प्रत्येक आदिवासी को लाभ दिलाने के अपने संकल्प को भी दोहराया

चिलक के हायर सेकेण्डरी स्कूल की हालत सुधारने के निर्देश– कलेक्टर श्री सिंह ने दौरे के दौरान चिलक के हायर सेकेण्डरी स्कूल का निरीक्षण किया। जर्जर हालत में पाए गए इस स्कूल को जल्द से जल्द ठीक करने के निर्देश दिए। मरम्मत कार्य पूरा होने तक हायर सेकेण्डरी की कक्षाओं को उप स्वास्थ्य केंद्र के अतिरिक्त कमरों में संचालित करने का आदेश भी उन्होंने जारी किया।आंगनवाड़ी और स्वास्थ्य केंद्र पर विशेष ध्यान- दौरे के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने आंगनवाड़ी भवन की जर्जर स्थिति पर भी ध्यान दिया और इसे तुरंत सुधारने के निर्देश दिए। साथ ही, उप स्वास्थ्य केंद्र में लगाए गए सिकल सेल जांच कैंप का अवलोकन करते हुए उन्होंने ग्रामीणों को जांच करवाने की अपील की। इसके अलावा, एएनएम को मुख्यालय में ही निवास करने के भी निर्देश दिए गए।

विभागीय अधिकारियों से चर्चा और विकास योजनाओं का एलान- चौपाल के दौरान कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ चर्चा की और ग्रामीणों को इन योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत चिलक में 55 पक्की सड़कों का निर्माण किया जा रहा है और 497 प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानों की स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा, उन्होंने ग्रामीणों को कोदो कुटकी की खेती के लिए प्रोत्साहित किया और कृषि विभाग को 2 दिनों के भीतर बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने कहा कि ग्राम चिलक में आकर पीएम जनमन योजना के अंतर्गत समीक्षा की गई कि यहां पर विभिन्न योजनाओं क्रियान्वयन क्या है और जो बाकी हितग्राही है उनको लाभ मिल रहा है या नहीं और अगले महिने तामिया में होने वाले मेगा इवेंट की जागरूकता के लिये यहां के आसपास के ग्रामीणों से चर्चा की गई तथा उन्हें मेगा इवेंट्स में उपस्थिति की अपील भी की । पीएम जनमन योजना में क्या-क्या लाभ और किस-किस तरह के लाभ उनको दिये जा रहे हैं उसके बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई। सभी अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि हर गांव में इस तरह के जागरूकता के शिविर 10 सितंबर तक निरंतर चलाये जायें।

इस दौरान भारिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री) दिनेश अंगारिया ने मध्य प्रदेश के आदीवासी अंचल में सिकल सेल से बचाव के सम्बंध में जागरूकता अभियान शुरू करने को लेकर जोर दिया।
साथ ही उन्होंनेनाराजगी जताते हुए हर्रई विकास खंड में गिरे हुए शिक्षा के स्तर में समय रहते सुधार लाने की बात कही। इस दौरान एसडीएम अमरवाड़ा हेमकरण धुर्वे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एन.के.शास्त्री, उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह, पशुपालन विभाग के उप संचालक डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार, उद्यानिकी विभाग के उप संचालक एम.एल.उईके, जिला आपूर्ति अधिकारी अजीत कुमार कुजूर, महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक अभय कुमार जैन, जनजातीय कार्य विभाग सहायक संचालक उमेश सातनकर सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे ।

← हिन्दू संगठन के लोगो ने दूराचारियों को पकड़ने लव जिहाद,धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाने वालो पर कार्यवाही की मांग

48 घंटों के लिए गरज चमक के साथ भारी बारिश का रेड ऑरेंज अलर्ट →

You May Also Like